<u>Community awareness programme</u>

सराईबाही में पथ सुरक्षा जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

पूर्वांचल प्रहरी एक संवाददाता

जागीरोड: मोटरसाइकिल सवारों और वाहन सवारों को जागरूक करने के लिए सरकार ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन शुरू कर दिया है। राज्य में बढ़ते हादसों को देखते हुए राज्य सरकार परिवहन विभाग व अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैला रही है। इस संबंध में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मोरीगांव जिले के सराईबाही महाविद्यालय के असमिया विभाग के तत्वावधान में एवं अंशकालिक सहायक अध्यापक लक्ष्य ज्योति हजारिका के संचालन में आज सराईबाही क्षेत्र में तीन स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। सराईबाही क्षेत्र के तेतेलीतल तिनाली, चंद्रपुर चाराली एवं बरभगिया बकुलतल तिनाली में

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार व नाटक देखते विद्यार्थीगण।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी से सड़क सुरक्षा अधिनियम के सभी नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि नए वर्ष के आगमन और पुराने वर्ष के विदाई के आलम में अनुशासन को भंग कर मोटरसाइकिल सवार अपनी रफ्तार को बढ़ाते हैं जिसके कारण प्रत्येक वर्ष बहुत से होनहार विद्यार्थी व लोग काल के गाल में समा जाते हैं। इससे बचने के लिए सरकार ने जो रास्ता निकाला है, इसकी जागरूक लोगों ने प्रशंसा की है।

Street play on ‘Road Safety’ was organized by the department. Date: - 30/12/2021